संख्या–cm-416
17/08/2020

जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुये आतंकी हमले में बिहार के दो सी0आर0पी0एफ0 जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

पटना 17 अगस्त 2020 :– जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुये आतंकी हमले में बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घोषिया कलां ग्राम निवासी सी0आर0पी0एफ0 जवान खुर्शीद खान एवं जहानाबाद जिला के शकुराबाद थाना क्षेत्र के अइरा ग्राम निवासी सी0आर0पी0एफ0 जवान लवकुश शर्मा की शहादत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि देश उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने वीर सपूतों की शहादत को नमन करते हुये उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीदों का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******